भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4450
मंगलवार, 07 मई, 2013

अशोक पेपर मिल को खोला जाना

4450. श्री कुमार दीपक दास:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जोगीगोपा, असम में अशोक पेपर मिल खोले जाने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) क्या निकट भविष्य में उक्त कागज मिल एक उत्पादन इकाई के रूप में काम करना आरंभ कर देगा ?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): हिंदुस्तान पेपर कार्पोरेशन (एचपीसी) ने विख्यात परामर्शक मैसर्स सैंडवेल इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्रा. लिमिटेड मुंबई के माध्यम से अशोक पेपर मिल, असम (एपीएम) का तकनीकी-आर्थिक अध्ययन करवाया और इस अध्ययन के आधार पर 2476 करोड़ रू. के परिकल्पित निवेश से लेखन-मुद्रण पेपर के विनिर्माण के लिए 2,00,000 टन/प्रति वर्ष क्षमता वाली एक ग्रीनफील्ड परियोजना तैयार की थी। इस संबंध में, मिल शीघ्र पुन: खोलने के लिए विभिन्न सांविधिक अनापत्तियां पाना, भूमि की उपलब्धता, कच्चा माल, वित्त आदि सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं ।

*****